राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद

संख्या–80 (लो0सू0अ0) / 2023–24

श्री मनीष कुमार, सिनियर ऑडिटर, सी.डी.ए. (Navy/Coast Guard), वेस्ट ब्लॉक–वी., आर.के. पूरम, नई दिल्ली–110066

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा

आदेश फलक

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि		
25.09.2023	श्री मनीष कुमार, सिनियर ऑडिटर, सी.डी.ए. (Navy/Coast Guard), वेस्ट ब्लॉक–वी., आर.के. पूरम, नई दिल्ली–110066 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–15.09.2023 इस कार्यालय में दिनांक–22.09.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–93G 495531 दिनांक–शून्य संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलकर्त्ता श्री मनीष कुमार ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–शून्य को सूचना अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को दिया था, परंतु लोक सूचना पदाधिकारी से सूचना / निर्णय प्राप्त नहीं होने के कारण प्रथम अपीलीय प्राधिकार, राज्यपाल सचिवालय के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही उन्होंने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–शून्य की प्रति भी संलग्न की है। विदित हो कि कोई भी विश्वविद्यालय एक स्वायत (Autonomous) संस्था है तथा यह सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत एक स्वतंत्र लोक प्राधिकार है, जिसके कारण संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा अपने विश्वविद्यालय के लिए लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार को Designate किया जाता है। अतः विश्वविद्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत दायर होने वाले आवेदन के लिए लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार उक्त विश्वविद्यालय के अंतर्गत ही रहते हैं न कि राज्यपाल सचिवालय अथवा कुलाधिपति कार्यालय में। उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में अपीलार्थी श्री मनीष कुमार द्वारा दायर प्रथम अपील को अस्वीकृत किया जाता है। सभी संबंधित को सूचित करें। 25/9/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार दिनांक- 26-9-2023 ज्ञापांक- 1497/रा0स0(iii) प्रतिलिपिः-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/लोक सूचना पदाधिकारी, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा/श्री मनीष कुमार, सिनियर ऑडिटर, सी.डी.ए. (Navy/Coast Guard), वेस्ट ब्लॉक-वी., आर.के. पूरम, नई दिल्ली-110066 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित। 25/9/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी	